

# 5 दिन जुटेगा 11 देशों का सांस्कृतिक वैभव

▶ ब्रिक्स संस्कृति सम्मेलन में सजेगी वैश्विक धरोहर

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 4 अगस्त. राजधानी भोपाल बुधवार से विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक कूटनीति का साक्षी बनने जा रही है. इस संबंध में कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दी गई.**

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल और राज्य के संस्कृति विभाग के एसीएस शिव शेखर शुक्ला ने 5 से 9 अगस्त तक होने वाले ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह और संस्कृति मंत्रियों की बैठक की जानकारी दी. सचिव विवेक ने बताया कि 5 दिनों तक चलने वाले इस महासमागम में भारत अपनी सभ्यतागत विरासत, ज्ञान परंपरा और कलात्मक वैभव को दुनिया के सामने रखेगा. इस दौरान मिंटो हॉल में ज्ञान भारतम, प्रोजेक्ट मौसम और प्रोजेक्ट बृहत्तर भारत पर विशेष प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी जो आम जनता के लिए भी खुली रहेंगी. 8 अगस्त को मंत्रियों की मुख्य बैठक में साझा घोषणापत्र अपनाया जाएगा. जिसके बाद विदेशी प्रतिनिधि विश्व धरोहर सांची का दौरा कर, बुद्ध जंबूद्वीप, योग सत्र और थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग का आयोजन में शामिल होंगें. वहीं 9 अगस्त को प्रतिनिधि भीमबेटका के प्रागैतिहासिक शैलाश्रयों का अवलोकन करेंगे. बता दें सम्मेलन के दौरान अतिथियों को भोपाल की झीलों में शिकारा राइड, हेरिटेज वॉक, बर्ड वाचिंग और हस्तशिल्प शॉपिंग का अवसर मिलेगा. खानपान में मालवी और बुंदेली जायके जैसे दाल बाफला, निमोना, मिलेट्स व्यंजन और क्षेत्रीय पकवानों का स्वाद परोसा जाएगा.

**125 से अधिक कलाकार कलाकार सहेंजेंगें धरोहर**

6 अगस्त को कार्य समूह की बैठकों के साथ रवींद्र भवन में ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया जाएगा. जिसमें 11 प्रतिभागी देशों के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे. वहीं 7 अगस्त को ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्री की उपस्थिति में कलर्स ऑफ इंडियन म्यूजिक और बहुप्रतीक्षित ब्रिक्स पीस सॉन्ग की प्रस्तुति होगी. जिसमें ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, यूएई, बेलारूस और इंडोनेशिया की संगीत परंपराएं गूंजेंगी. वहीं शाम में अमृतस्य मध्य प्रदेश कार्यक्रम में 125 से अधिक कलाकार यूनेस्को धरोहरों से लेकर सिंहस्थ कुंभ 2028 का भव्य आध्यात्मिक निमंत्रण मंच पर सजीव करेंगे.

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंत्रियों ने सुनीं जनसमस्याएं

**भोपाल, 04 अगस्त मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह और राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याएं और सुझाव सुने।**

मंत्रियों ने कार्यकर्ताओं द्वारा उठाए गए विभिन्न मामलों पर संबंधित अधिकारियों से तत्काल चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिन प्रकरणों का मौके पर निराकरण संभव था, उनका तत्काल समाधान कराया गया, जबकि अन्य मामलों को आवश्यक कार्रवाई और शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया।

मंत्री राकेश सिंह और मंत्री दिलीप अहिरवार ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनके माध्यम से प्राप्त प्रत्येक जनसमस्या का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.

# जनादेश जनता की भावना : पटवारी

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 4 अगस्त . प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दतिया विधानसभा उपचुनाव के जनादेश को पूरे प्रदेश की जनता की भावना का प्रतिबिंब बताते हुए राज्य सरकार से जनहित के प्रमुख मुद्दों पर क्रमवार श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है.**



उन्होंने कहा कि यह परिणाम केवल एक विधानसभा क्षेत्र का फैसला नहीं, बल्कि प्रदेशभर में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनकल्याण आधारित राजनीति की जनता की अपेक्षाओं का संकेत है. मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पटवारी ने कहा कि दतिया का जनादेश स्पष्ट करता है कि लोकतंत्र में जनता संवाद, विचार और जनहित के आधार पर अपना निर्णय देती है. उनका कहना है कि सरकार को इस जनादेश को अवसर के रूप में लेते हुए प्रदेश की वास्तविक स्थिति जनता के सामने रखनी चाहिए. उन्होंने बिजली और पेयजल व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, किसानों की स्थिति, युवाओं के रोजगार, कानून-व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा, आदिवासी कल्याण तथा अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक-आर्थिक हालात पर विस्तृत श्वेत पत्र जारी करने की मांग की.

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इन सभी विषयों पर अपने तथ्य, सुझाव और नीतिगत दृष्टिकोण जनता के सामने रखने के लिए तैयार है. उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा से राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बजाय तथ्य और आंकड़ों के आधार पर जवाब देने का आग्रह किया. उनका कहना है कि श्वेत पत्र की प्रक्रिया शुरू होने से राजनीतिक विमर्श अधिक जवाबदेह होगा.

## जैन मंदिर से डेढ़ किलो चांदी का छत्र चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**मुरैना, 04 अगस्त.** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर पंचायती बड़े जैन मंदिर से भगवान की वेदी पर स्थापित करीब डेढ़ किलोग्राम वजनी चांदी का छत्र चोरी होने का मामला सामने आया है. चोरी की यह पूरी वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. घटना के बाद जैन समाज में आक्रोश व्याप्त है. पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमवार शाम अज्ञात चोरों ने श्री 1008 मुनि सुव्रतनाथ भगवान की वेदी पर भगवान के सिर के ऊपर स्थापित चांदी का छत्र चोरी कर लिया. चोरी गए छत्र की कीमत तीन लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है.

# डीजे पर खड़े होकर ध्वज लहरा रहे युवक की करंट से मौत

▶ 12 वर्षीय बालिका भी आई करंट की चपेट में

▶ कावड़ यात्रा के दौरान हुआ दर्दनाक हादसा

**शुजालपुर, 4 अगस्त. आष्टा मार्ग पर मंगलवार को कांवड़ यात्रा के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया. जानकारी के अनुसार ग्राम अमलाय पत्थर, गुर्दाखेड़ी एवं निपानिया की संयुक्त कावड़ यात्रा शुजालपुर आ रही थी. देहंडी जोड़ के समीप कोल्ड स्टोरेज के सामने डीजे पर खड़े एक युवक द्वारा रॉड लगा ध्वज लहराया जा रहा था.**

इसी दौरान रॉड ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में आ गई, जिससे युवक करंट की चपेट में आ गया. जिससे उसकी मौत हो गई. साथ ही एक अन्य 12 वर्षीय बालिका भी करंट की चपेट में आई, जिसको उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया. जटाशंकर महादेव मंदिर शुजालपुर में जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालुओं की यह कांवड़ यात्रा सुबह लगभग 11 बजे अमलाय से प्रारंभ हुई. इस कावड़ यात्रा में महिलाएं व पुरूष भगवान के भजनों की प्रस्तुति देते चल रहे थे. यह यात्रा जब देहंडी जोड़ के समीप कोल्ड स्टोरेज के सामने पहुंची, तभी यह हादसा हुआ.



# एमपी में फिर बदलेगा मानसून का मिजाज

**06 अगस्त से तेज बारिश की वापसी**

**16 प्रतिशत बारिश की कमी बरकरार**

भोपाल, 4 अगस्त. मध्य प्रदेश में पिछले चार दिनों से थमा भारी बारिश का दौर अब फिर रफ्तार पकड़ने वाला है. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 5 अगस्त तक बारिश की गतिविधियां अपेक्षाकृत कमजोर रहेंगी, लेकिन 6 अगस्त से मानसून के फिर सक्रिय होने की संभावना है. इसके बाद कई जिलों में तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है. फिलहाल प्रदेश में सामान्य से करीब 16 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है. प्रदेश में सोमवार को अधिकांश इलाकों में आसमान में बादल छाए रहे. कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन कहीं भी व्यापक स्तर पर भारी बारिश नहीं हुई.

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के ऊपर दो चक्रवाती परिसंचरण और एक मानसूनी द्रोणिका सक्रिय हैं, लेकिन इनका प्रभाव फिलहाल मध्य प्रदेश पर ज्यादा नहीं पड़ रहा है. 6 अगस्त से मौसम प्रणाली के प्रभाव में बदलाव आने के बाद बारिश की गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है.

प्रदेश के पूर्वी हिस्से में बारिश की स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है. जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग के सभी जिले सामान्य से पीछे चल रहे हैं. इन क्षेत्रों में औसतन करीब 20 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है. अनूपपुर, उमरिया सहित कई जिलों में बारिश की कमी 1 से 42 प्रतिशत तक बताई गई है.

**404 मिमी बारिश, सामान्य आंकड़ा 482 मिमी**

प्रदेश में अब तक औसतन 404 .2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि तक करीब 482 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए थी. इस तरह प्रदेश में सामान्य से लगभग 16 प्रतिशत कम बारिश हुई है. जून में बारिश 14 प्रतिशत और जुलाई में 13 प्रतिशत कम रही थी. जुलाई के अंतिम सप्ताह में हुई अच्छी बारिश के बावजूद शुरुआती कमी पूरी नहीं हो सकी.

## एक नजर में

**अनाधिकृत हूटर-फ्लैश लाइट पर पुलिस का शिकंजा**

**सिंगरौली।** जिले में यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 1 से 10 अगस्त तक चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत मंगलवार को यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान अनाधिकृत हूटर, सायरन, फ्लैश लाइट, लाल-पीली-नीली बत्ती, ब्लैक फिल्म, सरकारी एवं वीआईपी स्टीकर लगाने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई।

**डोराना में अवैध रूप से रखे 33 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त**

**मंदसौर.** खाद्य विभाग ने ग्राम डोराना में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारित किए गए 33 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं. विभाग को सूचना मिली थी कि गांव में एक खेत पर बने बाड़े में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से संग्रहण किया जा रहा है. सूचना के आधार पर टीम ने सत्यनारायण पिता भगीरथ सोलंकी के खेत स्थित बाड़े पर छापा मारा. जांच के दौरान मौके से 33 घरेलू गैस सिलेंडर मिले. सिलेंडरों के भंडारण को लेकर संबंधित व्यक्ति कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका. इसके बाद सभी सिलेंडर जब्त कर लिए गए. विभाग ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.



# प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए तो होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन : एनएसयूआई

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 4 अगस्त.** मध्यप्रदेश में छात्रसंघ चुनाव की बहाली के बाद अब चुनाव की प्रक्रिया को लेकर सियासत तेज हो गई है. भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मांग की है कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से कराए जाएं. संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने कोई अन्य व्यवस्था लागू की तो पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा.

पत्रकार वार्ता में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि छात्रसंघ चुनावों की बहाली संगठन के लंबे संघर्ष के बाद हुई है.

# कोचिंग के लिए आया छात्र जिंदगी से हारा

## घर लौटने की बात माता पिता से कही थी, कमरे में फंदे पर मिला शव

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 4 अगस्त. प्रतियोगी परीक्षाओं के सपने लेकर इंदौर आया 18 वर्षीय छात्र महज 15 दिन में ही जिंदगी की जंग हार गया. एसएससी की तैयारी कर रहा छात्र भंवरकुआ स्थित किराए के कमरे में फंदे पर लटका मिला. कुछ देर पहले तक वह कमरे में अकेला था, जबकि उसके साथी कोचिंग गए हुए थे. लौटकर दरवाजा खोला तो सामने का मंजर देख उनके होश उड़ गए.**



मृतक प्रियांश कौरव नरसिंहगढ़ गाडरवाड़ा का रहने वाला था. वह तीन दोस्तों के साथ किराए के कमरे में रहकर एसएससी की तैयारी कर रहा था. सोमवार शाम दो दोस्त कोचिंग चले गए, जबकि तीसरा किसी परिचित से मिलने बाहर निकल गया. कमरे में अकेला रह गया प्रियांश इसी दौरान फंदे पर झूल गया. दोस्त उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे. प्राथमिक उपचार के बाद एमवाय अस्पताल रेफर किया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. सूचना पर भंवरकुआ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. जांच में सामने आया है कि प्रियांश को इंदौर आए अभी 15 दिन ही हुए थे. वह कोचिंग में डेमो क्लास कर रहा था, लेकिन पढ़ाई में मन नहीं लग रहा था. उसने कुछ दिन पहले ही परिजनों से फोन पर घर लौटने की इच्छा जताई थी. परिवार ने भी वापस आने के लिए कह दिया था, लेकिन उससे पहले ही उसने यह कदम उठा लिया. पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला.

# चयनित प्राथमिक शिक्षकों पर संकट

▶ डी.एल.एड. दूसरे वर्ष का परिणाम अटका

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 4 अगस्त. राज्य में प्राथमिक शिक्षक के पद पर चयनित 1000 से अधिक अभ्यर्थियों के भविष्य पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। बता दें डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम समय पर घोषित न होने के कारण ये अभ्यर्थी अंतिम चरण के दस्तावेज सत्यापन से वंचित होने की कगार पर पहुंच गए हैं।**

वहीं अपनी मांगों को लेकर प्रदेश भर के अभ्यर्थी 10 जुलाई से माध्यमिक शिक्षा मंडल के चक्कर काटने को मजबूर हैं। पीड़ित



अभ्यर्थियों में वसीम खान ने बताया कि सिंगरौली, बालाघाट, भिंड, मुरैना, अलीराजपुर और झाबुआ सहित प्रदेश के सभी जिलों से आए छात्र माध्यमिक शिक्षा मंडल परिसर में डटे हुए हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने 10 जुलाई से पहले ही मंडल अधिकारियों को सूचित कर दिया था कि उनका चयन प्राथमिक शिक्षक के रूप में हो चुका है। सत्यापन प्रक्रिया में उत्तीर्ण की मार्कशीट आवश्यक है। इस पर अधिकारियों ने प्रथम वर्ष का मूल्यांकन धीमा कर द्वितीय वर्ष का परिणाम 20 जुलाई तक जारी करने का आश्वासन दिया था।

## जानलेवा हमले के छह आरोपी गिरफ्तार

**धार, 04 अगस्त.** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में गत 14 जुलाई को पुरानी रंजिश के चलते हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया. पुलिस के अनुसार रैदास मार्ग, बस स्टैंड निवासी ऋतिक वाघेला (22) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 14 जुलाई की रात लगभग 10:45 बजे बस स्टैंड स्थित इमली के पेड़ के पास पुरानी रंजिश के चलते अबुल उर्फ चुचु और उसके साथियों ने उसे घेर लिया. आरोप है कि मुख्य आरोपी ने लोहे की टामी से उसके सिर, सीने, पीठ और हाथों पर हमला किया,

# अजय ने की टोल वसूली रोकने की मांग

## टोल कंपनियां भारी मुनाफे में, फिर भी जारी है वसूली

**भोपाल, 4 अगस्त. पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को पत्र लिखकर भोपाल-देवास, जावरा-नयागांव और लेबड़-जावरा टोल परियोजनाओं में जारी टोल वसूली को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए हैं.**

उन्होंने विधानसभा में दिए गए लिखित उत्तर और उपलब्ध ऑडिट रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि तीनों टोल कंपनियां लगातार भारी ऑपरेटिंग मुनाफा कमा रही हैं. इसके बावजूद परियोजनाओं को घाटे में बताकर टोल वसूली जारी रखना



सवाल खड़े करता है. अजय सिंह के अनुसार भोपाल-देवास टोल परियोजना में वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच प्रति 10 रुपये के इक्विटी शेयर पर आय में लगातार वृद्धि हुई. इसी अवधि में कंपनी का ऑपरेटिंग मुनाफा 90.87 करोड़ रुपये से बढ़कर 194.82 करोड़ रुपये हो गया. वर्ष 2023-24 और 2024-25 में कंपनी ने क्रमशः 117.84 करोड़ और 83.25 करोड़ रुपये का लाभांश वितरित किया. सीएसआर पर भी करोड़ों रुपये खर्च किए गए. उन्होंने कहा कि यदि कंपनियां घाटे में होतीं तो उनके शेयर ऊंचे मूल्य पर नहीं बिकते और विदेशी निवेशक उनमें निवेश नहीं करते. उन्होंने भोपाल-देवास परियोजना के शेयरों का भी उदाहरण दिया.

# ‘हर घर तिरंगा’ अभियान 9 से

**भोपाल, 4 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में ‘हर घर तिरंगा’ अभियान 9 से 17 अगस्त तक जनभागीदारी के साथ चलाया जाएगा. इस अभियान को राष्ट्रीय गीत ‘वंदे मातरम’ के 150 वर्ष पूर्ण होने के उत्सव से जोड़ा जाएगा.**

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अभियान को जन आंदोलन का रूप देने और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा पोर्टल पर अपलोड करने का आह्वान किया.

मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि अभियान के दौरान तिरंगे की थीम पर प्रदर्शनी, रंगोली, तिरंगा यात्रा, ई-



बाइक एवं साइकिल रैली, तिरंगा एंथम, प्रश्नोत्तरी, मेले सहित कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. सैन्य जवानों और पुलिसकर्मियों के लिए पत्र लेखन कार्यक्रम भी होंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि जन विश्वास अभियान-2026 का शुभारंभ 7 अगस्त से छिंदवाड़ा जिले में किया जाएगा. इसका उद्देश्य बेहतर सेवा वितरण, सुशासन और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है.

**3 साल शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले प्राचार्य होंगे सम्मानित**

डॉ. यादव ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में लगातार तीन वर्षों तक शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले प्राचार्यों को 1 लाख रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी. वहीं संबंधित स्कूलों में विकास कार्यों के लिए 5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी. उन्होंने कहा कि प्रदेश में 60 नए सांदीपनि विद्यालयों की सौगात मिली है, जिनके निर्माण पर करीब 25 हजार 500 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं.

## चोरी की वारदात करने भरतपुर से आई गैंग

**उज्जैन.** बाबा महाकाल की पहली सवारी में श्रद्धालुओं के साथ वारदात करने निकली गैंग को पुलिस ने हिरासत में लिया है. गैंग में शामिल महिलाओं ने रेलवे स्टेशन पर की गई दो वारदात कबूल की है. गैंग के पुरुष सदस्यों से धारदार हथियार भी मिलना सामने आया है. महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि सावन का पहला सोमवार होने पर महाकाल मंदिर क्षेत्र और शाम को निकली बाबा महाकाल की सवारी मार्ग पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ थी. सुबह के समय हरसिद्धि चौराहा पर कुछ महिलाओं के साथ चैन मंगलसूत्र चोरी होने की जानकारी सामने आने पर पुलिस ने संदिग्धों की धरपकड़ शुरू कर दी थी.


**समस्या** ▶ मूंग खरीदी की समय-सीमा समाप्त

# हजारों मूंग किसान उपज लेकर केंद्रों पर फंसे

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 4 अगस्त. मध्य प्रदेश में मंगलवार को मूंग उपार्जन की निर्धारित समय-सीमा समाप्त हो गई, लेकिन प्रदेशभर के अनेक उपार्जन केंद्रों पर हजारों किसान अब भी अपनी उपज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ इंतजार करते रहे. बड़ी मात्रा में मूंग की खरीदी नहीं हो सकी, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट की आशंका गहरा गई है.**

नर्मदापुरम जिले के बाबई उपार्जन केंद्र पर किसानों ने खरीदी की धीमी गति पर नाराजगी जताई. चौहा हाथ गांव



के किसान भरत चौधरी ने बताया कि शासन द्वारा खरीदी शुरू होने की घोषणा के बाद से ही वह केंद्र पर मौजूद हैं, लेकिन अब तक उनकी उपज की खरीदी नहीं हो सकी है. एक अन्य किसान अश्वनी पटेल ने आरोप लगाया कि प्रतिदिन केवल चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की ही खरीदी की जा रही है, जबकि हजारों किसान अपनी उपज लेकर कतार में खड़े हैं. उनका कहना है कि यदि खरीदी अवधि नहीं बढ़ाई गई तो अनेक किसानों को बिना फसल बेचे ही वापस लौटना पड़ेगा. संजय राजपूत, निवासी संघा खेड़ा, ने कहा कि खरीदी के अंतिम दिन भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ. उन्होंने मांग की कि पात्र किसानों की पूरी उपज खरीदे जाने तक खरीदी अवधि बढ़ाई जाए. उधर, नर्मदापुरम-पिपरिया मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारों के कारण कई स्थानों पर यातायात भी प्रभावित रहा. किसान अब सरकार की ओर से खरीदी अवधि बढ़ाने की आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं.